**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे**

**सज़ा**

प्रदेश के बहुचर्चित गुड़ियां दुष्कर्म व हत्याकांड मामले में पुलिस हिरासत में आरोपी सूरज की हत्या को लेकर पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ज़हूर हैदर ज़ैदी समेत 8 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उम्रकैद की सज़ा हो गई है। चण्डीगढ़ स्थित सी.बी.आई. की अदालत ने आज इस मामले में ये आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में शिमला ज़िले के कोटखाई में गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकाण्ड मामला हुआ था। अदालत ने सभी दोषियों पर एक–एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है। इन सभी को अदालत ने 18 जनवरी को दोषी करार दिया था और आज ये सज़ा सुनाई गई। प्रदेश के इतिहास में संभवतः ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी मामले की जांच कर रही एस.आई.टी. को ही उम्रकैद की सज़ा हुई है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से इंदौर और दिल्ली के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज मध्यप्रदेश के इंदौर में कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली में भाग लिया। अपने संबोधन में सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ा और संविधान का निर्माण कर एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव रखी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर हर भारतीय को समान अधिकार व सम्मान का कवच दिया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आज देश में संविधान खतरे में है और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को कमज़ोर किया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री का कल से दिल्ली विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में कांग्रेस के लिए प्रचार करने का कार्यक्रम है।

**पद्म पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 के लिए एक सौ 39 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और एक सौ 13 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं जबकि 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। बिलासपुर ज़िले के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा को भी सेब की लो–चिलिंग किस्म विकसित करने के लिए पदमश्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया

है। उन्होंने कम उंचाई व मैदानी क्षेत्रों के लिए 8 साल के शोध के बाद सेब की ये किस्म तैयार की है। आकाशवाणी से बातचीत में हरिमन शर्मा ने बताया कि उनकी ये किस्म देश–विदेश में सफल रही है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को समान नागरिक संहिता यानि यूसीसी लागू करने पर बधाई दी है। उत्तराखण्ड में आज से समान नागरिक संहिता लागू हो गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यदि हिमाचल में भी भाजपा की सरकार होती तो हिमाचल देश में यूसीसी लागू करने वाला दूसरा राज्य होता। यूसीसी का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करना है। इसके तहत जाति, धर्म और लिंग के आधार पर नागरिक अधिकारों में भेदभाव करने वाले सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है।

## कांग्रेस मंत्री

इस बीच कांग्रेस नेता और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि समान नागरिक संहिता देश के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ये एक राजनीतिक ड्रामा है और विविधताओं वाले देश में इस तरह के कानून लागू नहीं हो सकते। राजेश धर्माणी ने कहा कि विभिन्न धर्मों वाले देश में समानता लाना संभव नहीं है।

.........................................................................